आज रूपायन....
मातृत्व की आस के महीने खास

बरेली।

अमर उजाला

19/05/2012

शोध से ही मिलेगी धरती के गर्भ की जानकारी

एसआरएमएस में इंस्पायर इंटर्नशिप 2012 के चौथे दिन डॉ. संतोष कुमार का व्याख्यान

सिटी रिपोर्टर

बरेली। धरती के गर्भ में क्या छिपा है, इसकी जानकारी शोध से ही मिल सकती है। पृथ्वी के बारे में शोध करते समय खनिज पदार्थों की जानकारी आवश्यक है। इन खनिजों को जानने और समझने के लिए रसायन, विज्ञान एवं गणित का ज्ञान होना आवश्यक है। यह जानकारी कुमाऊं यूनिवर्सिटी में जियोलॉजी के प्रो. संतोष कुमार ने एसआरएमएस में चल रहे इंस्पायर इंटर्नशिप प्रोग्राम में विद्यार्थियों को दी। उन्होंने पृथ्वी की विभिन्न पर्तों के बारे में बताया। उन्होंने पीपीटी के माध्यम से छात्रों को पत्थरों की बनावट के बारे में और मिनरल के कणों की संरचना को दर्शाया। उन्होंने विद्यार्थियों के सवालों के जवाब भी दिए। शुक्रवार को मेंटर के व्याख्यान के साथ ही विद्यार्थियों के ज्ञान को परखने के लिए इंस्पायर टैलेंट हंट का आयोजन भी किया गया। डॉ. संतोष कुमार ने विद्यार्थियों को शोध के आवश्यक तत्व इमैजिनेशन, नॉलेज, क्रिएशन, स्किल और एक्शन के बारे में जानकारी दी। इस दौरान डॉ. प्रभाकर गुप्ता, कैंप के कोऑर्डिनेटर रतीश अग्रवाल और सचिन अग्रवाल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन साक्षी पांडेय ने किया।

धरती के गर्भ में छुपे रहस्यों के बारे में बताया।